नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 316, पृष्ठ 12)
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत् 2083
बुधवार, 14 अक्टूबर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	19.0°	35.0°
इंदौर	18.0°	33.0°
जबलपुर	20.0°	32.0°
ग्वालियर	21.0°	32.0°
सागर	20.0°	33.0°



राजधानी... पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार...



खेल... स्वियातेक पर 2020 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स...



व्यापार... खादी और ग्रामोद्योग को नई रतार, बिक्री 1.87 लाख...



देश-विदेश... एसआईआर के बहाने राहुल घुसपैठियों को बचा ...

मां कूष्मांडा



नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा-आराधना की जाती है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें मां कूष्मांडा के रूप में पूजते है। संस्कृत भाषा में कूष्मांडा को कुम्हड़ कहते हैं। कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय होने से यह मां कूष्मांडा कहलाती हैं।

गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे संवेदनशील इलाके सूची में शामिल

लद्दाख के 28 क्षेत्र पर चीन की आपत्ति, भारत ने किया खारिज



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः लद्दाख के 28 स्थानों के नाम आधिकारिक रूप से तय करने के भारत के फैसले पर चीन ने आपत्ति जताई है। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को दावा किया कि ये क्षेत्र उसके हैं और भारत की ओर से नाम बदलने या नए नाम रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदलता। भारत ने चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा कि लद्दाख देश का अभिन्न हिस्सा है।

भारत ने 2 अक्टूबर को लद्दाख के 28 स्थानों और क्षेत्रों के नाम आधिकारिक रूप से तय किए थे। इनमें गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे संवेदनशील इलाके भी शामिल हैं, जहां वर्ष 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव बढ़ा था। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि उनका देश लद्दाख को भारत की ओर से बनाया गया केंद्र शासित प्रदेश नहीं मानता। उन्होंने सीमा के पश्चिमी हिस्से के इन क्षेत्रों पर चीन का दावा दोहराया।

भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जवाब देते हुए कहा कि लद्दाख भारत का हिस्सा है और इससे इनकार करने से वास्तविकता नहीं बदल सकती। उन्होंने बताया कि इन स्थानों के नाम सर्वे ऑफ इंडिया के आधिकारिक नक्शे में दर्ज किए गए हैं। यह प्रक्रिया लद्दाख प्रशासन और स्थानीय लोगों से परामर्श के बाद पूरी की गई। इसका उद्देश्य स्थानों की सही पहचान करना और उनके बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है।

भारत की ओर से तय किए गए 28 नामों में पहाड़, चोटियां, दर्रे, ग्लेशियर, घाटियां, जमीन के हिस्से और जल स्रोत शामिल हैं। इनमें अतीशा गिरि, कनीष्क पीक, चापचिंगल दर्रा, पारपिक ग्लेशियर, गोगरा, कुमारायण पॉइंट, गुरु रिनपोछे झील, यांगपा नदी और हॉट स्प्रिंग जैसे नाम शामिल हैं। पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में सीमा विवाद बढ़ने के बाद दोनों देशों के सैनिकों के बीच कई स्थानों पर तनाव हुआ था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प में भारत के 20 सैनिकों की मौत हुई थी। चीन ने बाद में अपने चार सैनिकों की मौत स्वीकार की थी। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य और कूटनीतिक वार्ता के जरिए तनाव कम करने के प्रयास किए।

भारत और चीन के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर भी सीमा विवाद है। चीन इस क्षेत्र के बड़े हिस्से पर दावा करता है और वहां के स्थानों के चीनी नाम जारी करता रहा है। भारत लगातार इन दावों का विरोध करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न हिस्सा बताता रहा है।

भारत ने दुनिया को सस्ती दवाएँ और प्रतिभा दीः मोदी

ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में प्रधानमंत्री ने डिजिटल तकनीक और आर्थिक सुधारों की उपलब्धियां गिनाईं



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने दुनिया को सस्ती दवाओं, प्रतिभा और तकनीकी क्षमताओं के माध्यम से योगदान दिया है, लेकिन इसके बदले कभी श्रेय या रॉयल्टी की मांग नहीं की। नई दिल्ली में पहली बार आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में उन्होंने कहा कि भारत की ताकत दूसरे देशों के लिए अवसर पैदा करने और उन्हें सक्षम बनाने में है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में डिजिटल तकनीक, आर्थिक सुधारों, टीका आपूर्ति और वैश्विक चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका का उल्लेख किया। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष फोरम की विषयवस्तु बदलती दुनिया में शक्ति के नए स्रोत तय करने पर केंद्रित है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारत ने 100 से अधिक देशों तक टीके पहुंचाए। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक दशक में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता मिली है। छोटे शहरों में भी स्टार्टअप और रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

प्रधानमंत्री ने आर्थिक सुधारों का उल्लेख करते हुए भारत की विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक होने की बात कही। उन्होंने कारोबार को आसान बनाने और सुधारों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद मोबाइल डेटा सस्ता होने से छोटे शहरों और कस्बों के विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा, जानकारी और रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उनके अनुसार, सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने से पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार कम करने में मदद मिली है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, खनिज और आपूर्ति श्रृंखला का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भरोसेमंद साझेदारों की जरूरत बढ़ रही है। उन्होंने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि शासन का उद्देश्य केवल शक्ति का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि नागरिकों को सशक्त बनाना और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

खास-खबरें

केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने दिया इस्तीफा



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पांच पन्नों का पत्र लिखकर राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने की भी जानकारी दी। मुरुगन ने पत्र में कहा कि वह तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए अपना समय देना चाहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त करने का अनुरोध किया। मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और तमिलनाडु की सेवा करना उनके जीवन का बड़ा सम्मान रहा है।

बिहार के बैशाली में नाव पलटी, 15 की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, हाजीपुरः वैशाली के राघोपुर में मंगलवार देर शाम गंगा नदी में नाव पलट गई। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है। सभी की उम्र 10 से 18 वर्ष के बीच बताई जा रही है। छोटी नाव से करीब 20 लोग सवार होकर दावत में जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। मृतकों में पिंकी कुमारी उम्र 13 वर्ष, अंकिता कुमारी उम्र 6 वर्ष, सुनीता कुमारी उम्र 18, सिकी कुमारी, भोणू कुमारी और मीरा कुमारी के शव निकाले गए हैं। शेष की पहचार की जा रही है। बताया जाता है कि रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला के माता महारानी स्थान के पास दावत थी।

ममता बनर्जी पर चाकू से हमले की कोशिश

कोलकाताः पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मंगलवार शाम उनके कालीघाट स्थित आवास के पास चाकू से हमले की कोशिश की है। घटना शाम करीब छह बजे की है, जब ममता दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करने जा रही थीं। इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। उन्होंने पंडाल का उद्घाटन किया और फिर अपने आवास लौट गईं। तृणमूल कांग्रेस की पूर्व राज्यसभा सांसद डोला सेन ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, आरोपी महिला की पहचान तनिष्ठा साहा के रूप में हुई है।

27% ओबीसी आरक्षण को लेकर सॉलिसिटर जनरल से मिले डॉ. यादव



मुख्यमंत्री ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और महाधिवक्ता के साथ हाईकोर्ट के फैसले पर चर्चा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में राज्य सरकार ने आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी तेज कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मुलाकात की। बैठक में प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान उच्च न्यायालय के फैसले से जुड़े कानूनी पहलुओं और आगामी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैठक में ओबीसी आरक्षण से संबंधित उच्च न्यायालय के निर्णय और आगे की कानूनी प्रक्रिया पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। इधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यदि सरकार ओबीसी आरक्षण के मामले में गंभीर है, तो उसे विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विशेष सत्र बुलाने के पक्ष में है और सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए। सिंघार ने मुख्यमंत्री से ओबीसी आरक्षण पर अध्यादेश जारी करने और कानून पारित कराने की मांग की। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार बार-बार मामले को अदालत के समक्ष रखने के बजाय विधानसभा में इसका समाधान क्यों नहीं निकालती।

रघुवीर को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान



नईदुनिया ब्यूरो, खंडवाः मध्यप्रदेश सरकार का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-2026 मंगलवार को अभिनेता रघुवीर यादव को प्रदान किया गया। वे वेब सीरीज पंचायत में प्रधान की भूमिका निभा चुके हैं। पार्श्वगायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर खंडवा के पुलिस ग्राउंड में आयोजित समारोह में संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी और जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह शामिल हुए। यादव को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि, स्मृति चिह्न और शॉल-श्रीफल प्रदान किए गए। इस सम्मान के लिए पहले अभिनेता अनुपम खेर का नाम तय किया गया था। हालांकि, सम्मान ग्रहण करने के लिए खंडवा आना अनिवार्य था। जानकारी के अनुसार, अनुपम खेर ने विदेश में होने के कारण आने में असमर्थता जताई। इसके बाद जूरी ने रघुवीर यादव का चयन किया। समारोह से पहले यादव परंपरा के अनुसार किशोर कुमार के समाधि स्थल पहुंचे।

उनकी पत्नी रोशनी अचरेजा भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान की शुरुआत मध्यप्रदेश सरकार ने 1997-98 में की थी। पहले इसका आयोजन भोपाल में होता था। बाद में इसे खंडवा में आयोजित किया जाने लगा, जो किशोर कुमार की जन्मस्थली है। सम्मान के लिए कलाकारों का चयन पांच सदस्यीय जूरी करती है। वर्ष 2025 में यह शर्त जोड़ी गई थी कि सम्मान पाने वाले कलाकार को खंडवा आना होगा। किशोर प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन के अनुसार, इस वर्ष अनुपम खेर के खंडवा आने में असमर्थता जताने के बाद अंतिम समय में रघुवीर यादव का नाम तय किया गया।

